No. of Printed Pages : 5

ई.एच.डी.-8

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2012

01871

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-8 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *इस प्रश्न पत्र में **तीन खंड** हैं। खंड '**क**' से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। खंड '**ख**' से **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। खंड '**ग**' **अनिवार्य** है।*

खंड-क

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। **2x20=40**

1. भाषा के मानकीकरण से आप क्या समझते हैं? यह बताते हुए आधुनिक समय में हिन्दी भाषा के मानकीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

2. प्रयोजन मूलक हिन्दी किसे कहते हैं? यह स्पष्ट करते हुए प्रयोजन मूलक हिन्दी के विविध रूपों को सोदाहरण समझाइए।

3. उत्पादन और बाज़ार के संदर्भ में विज्ञापनों की आवश्यकता और महत्व का प्रतिपादन कीजिए।

4. कार्यालयी हिन्दी के प्रमुख प्रकार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए प्रारूपण की प्रक्रिया को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

5. आज़ादी के बाद हिन्दी को राजभाषा बनाने के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा कीजिए।

खण्ड - ख

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर लगभग 250 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए। **4x10=40**

   (a) विधि/न्याय के क्षेत्र में हिन्दी

   (b) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्द

   (c) जन संचार माध्यम और भाषा

   (d) हिन्दी वाक्य संरचना की प्रमुख विशेषताएँ

   (e) हिन्दी की शब्द सम्पदा

   (f) मसौदा लेखन : आवश्यकता और महत्व

   (g) हिन्दी भाषा का आधुनिकीकरण

खण्ड -ग

इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

7. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए। **5x2=10**

   (a) राजभाषा हिन्दी।

   (b) विज्ञापनों की भाषा।

   (c) संक्षेपण की विशेषतायें और महत्व।

   (d) समतुल्यता।

   (e) रक्षा सेवा में हिन्दी।

8. निम्नलिखित में से **सही** अथवा **ग़लत** कथन का उल्लेख कीजिए। **3x1=3**

   (a) संरचना के आधार पर वाक्यों के तीन प्रकार माने जाते हैं। (सही/ग़लत)

   (b) आधुनिकीकरण की विशेषता उदार ग्रहणशीलता है। (सही/ग़लत)

   (c) हिन्दी को 26 जनवरी 1965 से राजभाषा घोषित किया गया था। (सही/ग़लत)

9. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए। 3x1=3

(a) जिस शब्द का आधा अंश एक भाषा का हो और दूसरा आधा दूसरी भाषा का उसे __________ शब्द कहते हैं। (आगत/संकर/परम्परागत)

(b) रेलवे डिब्बों में प्रयुक्त शब्द जंजीर __________ भाषा का शब्द है। (अंग्रेजी/हिन्दी)

(c) 'हवाई जहाज' और 'विमान' शब्दों में से __________ शब्द अधिक उर्वर है। (हवाई जहाज/विमान)

10. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए। 4x1=4

(a) Humidity

(b) Binocular

(c) Accountant

(d) Demand Draft